लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

लोक सभा अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल कम्पाला, युगांडा में आयोजित किए जा रहे 64वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेगा

नई दिल्ली: 24 सितम्बर 2019 : लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल 22 से 29 सितंबर, 2019 तक कम्पाला, युगांडा में आयोजित किए जा रहे 64वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेगा। इस शिष्टमंडल में श्री अधीर रंजन चौधरी, संसद सदस्य (लोक सभा); श्रीमती रूपा गांगुली, संसद सदस्य (राज्य सभा); डॉ° एल हनुमंथैया, संसद सदस्य (राज्य सभा); श्रीमती अपराजिता सारंगी, संसद सदस्य (लोक सभा) और लोक सभा की महासचिव,श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव सम्मिलित होंगे। भारत की ओर से राज्य विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी और सचिव, जो राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सदस्य भी है,इस सम्मेलन में भाग लेंगे।

इस सम्मेलन के दौरान विभिन्न विषयों पर 10 कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला इनमें से कुछ कार्यशालाओं में मुख्य वक्ता होंगे। माननीय अध्यक्ष युगांडा के सर्वोच्च नेताओं और राष्ट्रमंडल के अन्य देशों से आए समकक्ष अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे और परस्पर हित और संसदीय सहयोग के मामलों पर बातचीत करेंगे।

इस सम्मेलन के दौरान राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की कार्यकारिणी समिति की बैठक भी होगी। लोक सभा सदस्य, श्री अधीर रंजन चौधरी तथा असम विधान सभा के अध्यक्ष, श्री हितेन्द्र नाथ गोस्वामी और उत्तराखंड विधान सभा के अध्यक्ष, श्री प्रेम चंद अग्रवाल इस बैठक में भाग लेंगे।

इससे पहले लोक सभा सदस्य, श्रीमती अपराजिता सारंगी और श्रीमती रूपा गांगुली ने राष्ट्रमंडल महिला सांसदों (सी डब्ल्यू पी) की संचालन समिति की बैठक में लिया । श्रीमती सारंगी ने सी डब्ल्यू पी सम्मेलन में " नए सांसदों के मार्गदर्शन का महत्व" विषय पर आयोजित किए जा रहे सत्र के साथ-साथ "युवाओं में बेरोजगारी से निपटने के लिए कार्यनीतियाँ" विषय पर आयोजित की जा रही कार्यशाला में चर्चा आरंभ की।

संसद सदस्य, श्री अधीर रंजन चौधरी, डॉ° एल हनुमंथैया तथा राज्य विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी भी विभिन्न कार्यशालाओं/बैठकों में भाग लेंगे।

लोक सभा के माननीय अध्यक्ष तथा भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के सदस्य युगांडा में बसे भारतीयों से भी भेंट करेंगे।

LOK SABHA SPEAKER TO LEAD INDIAN PARLIAMENTARY DELEGATION TO 64TH COMMONWEALTH PARLIAMENTARY CONFERENCE BEING HELD IN KAMPALA, UGANDA

New Delhi, 24 September 2019: An Indian Parliamentary Delegation led by Shri Om Birla, Hon'ble Speaker, Lok Sabha and consisting of Shri Adhir Ranjan Chowdhury, MP (Lok Sabha); Smt. Roopa Ganguly, MP (Rajya Sabha); Dr. L. Hanumanthaiah, MP (Rajya Sabha), Smt. Aparajita Sarangi, MP (Lok Sabha) and Smt. Snehlata Shrivastava, Secretary General, Lok Sabha will be attending the 64th Commonwealth Parliamentary Conference being held in Kampala, Uganda from 22 to 29 September, 2019. The Conference will also be attended by Presiding Officers and Secretaries from State Legislatures from India who are also members of CPA.

During the Conference, 10 Workshops will be held on various subjects. Shri Om Birla, Hon'ble Speaker, Lok Sabha will be the lead speaker in some of the workshops. During the visit, Hon'ble Speaker, Lok Sabha will also be holding bilateral meetings with the top leadership of Uganda and his counterparts from other commonwealth countries to discuss the matters of mutual interest and parliamentary cooperation.

The Executive Committee of CPA will be meeting during the course of the Conference. Shri Adhir Ranjan Chowdhury, MP, Lok Sabha along with Shri Hitendra Nath Goswami, Speaker, Assam Legislative Assembly and Shri Prem Chand Aggarwal, Speaker, Uttarakhand Legislative Assembly will attend this Meeting.

Earlier, Smt. Aparajita Sarangi, MP, Lok Sabha and Smt Roopa Ganguly attended the meeting of "Commonwealth Women Parliamentarians (CWP) Steering Committee". Smt Sarangi was also the Discussion Leader at the CWP Conference Session on the topic "Importance of Mentoring for New Parliamentarians" and also on the Workshop entitled "Strategies to deal with Youth and Unemployment".

Shri Adhir Ranjan Chowdhury, MP, Dr. L. Hanumanthaiah, MP and Presiding Officers from State Legislatures will also participate in various Workshops/Events.

Hon'ble Speaker, Lok Sabha and the Indian Parliamentary Delegation will also interact with the Indian Diaspora during their stay in Uganda.